आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक :284 पृष्ठ -4 दिनांक 12 अक्टूबर 2024 दिन शनिवार

दशहरे का पर्व सिखाता है हमें, अच्छाई की जीत का सार ,
सत्य की राह पर चलें और जीवन हो खुशहाल हर बार।

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने दी विजयादशमी की बधाई, कहा- सियावर रामचंद्र की जय!

## सीएम योगी आदित्यनाथ अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर प्रदेश वासियों का विजयादशमी के त्योहार की बधाई दी और मंगल कामना की

**उत्तरप्रदेश** देश भर में आज विजयादशमी की त्योहार मनाया जा रहा है. इस त्योहार को अधर्म पर धर्म की जीत के तौर पर मनाया जाता है. माना जाता है कि आज ही के दिन भगवान राम ने रावण का वध किया था. इस अवसर देशभर सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश वासियों को दशहरा की शुभक. ामनाएं दी है. सीएम योगी आदित्यनाथ अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अक. ाउंट एक्स पर प्रदेश वासियों का विजयादशमी के त्योहार की बधाई दी और मंगल कामना की. सीएम योगी ने लिखा– श्सियावर रामचंद्र की जय! सत्य, सदाचार और सनातन मूल्यों की शाश्वत विजय के प्रतीक पर्व श्विजयादशमीश की सनातन समाज को हार्दिक बधाई!



**केशव प्रसाद मोर्य ने भी दी शुभकामनाएं**



यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी दशहरा उत्सव की शुभकामनाएं दी है. उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा– श्यतो धर्मस्ततो जयःश जहाँ धर्म (अपने कर्तव्यों का पालन) है, वहाँ विजय है. विजयादशमी का त्योहार जीवन में धर्म व अच्छाई की जीत का प्रतीक है. यह हमें याद दिलाता है कि अंधकार कितना भी गहरा क्यों न हो, सत्य और धर्म रूपी ज्योति से वह मिट ही जाता है. सत्य व धर्म की शक्ति से बुराई व अधर्म पर विजय के प्रतीक विजयादशमी की हार्दिकशुभकामनाएं!

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने भी विजयादशमी को सत्य व न्याय की विजय के महापर्व की बधाई दी और लिखा– श्सत्य व न्याय की विजय के महापर्व विजयादशमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं. श्विजयादशमी का त्योहार देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है. कहते हैं कि आज के दिन ही प्रभु श्री राम ने रावण का वध किया था. जिसके बाद इस त्योहार को बुराई पर अच्छाई की जीत के उत्सव के तौर पर मनाया जाता है. आज के दिन देशभर भी रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले का दहन किया जाता है. इसके साथ ही शस्त्र पूजा भी की जाती है.



## पति सेक्स की डिमांड पत्नी से नहीं करेगा तो कहां जाएगा?इलाहाबाद हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणी की है. कोर्ट ने यौन सुख को पति–पत्नी के झगड़े का कारण बताते हुए उसे रद्द कर दिया है. कोर्ट ने कहा कि यदि पति शारीरिक इच्छाओं की संतुष्टि के लिए पत्नी से नहीं कहेगा तो सभ्य समाज में कहां जाएगा? कोर्ट ने कहा कि विवाद पति–पत्नी के शारीरिक संबंध में असंगतियां होने की वजह से हुए इसमें दहेज के लिए क्रूरता के आरोप को निराधार बताया और कहा कि जांच में दहेज की मांग के लिए प्रताड़ित करने और मारपीट के आरोपों को ठोस सबूत नहीं है, जिससे आरोप सही साबित हो सके. कोर्ट ने कहा ये मामला दोनों के बीच सेक्स को लेकर एकमत नहीं होना है.महिला ने पति पर लगाए थे आरोप दरअसल, नोएडा की रहने वाली एक महिला ने जुलाई 2018 को पति पर दहेज प्रताड़ना और अप्राकृतिक संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई थी. पत्नी ने आरोप लगाया कि उनकी शादी दिसंबर 2015 में हुई थी. जिसके बाद से उसके ससुरालियों ने दहेज के लिए प्रताड़ित किया. महिला ने कहा कि उसके पति को शराब की लत है वो पोर्न फिल्में देखता है और घर में बिना कपड़ों के घूमता है. सिंगापुर में रहने के दौरान भी पति ने उसे यातनाएं दीं. जिसके बाद पुलिस थाने में पति के खिलाफ आईपीसी की धारा 498 के तहत क्रूरता का केस दर्ज किया गया था. हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस अनीश कुमार गुप्ता ने कहा जांच में दहेज की मांग या प्रताड़ना को लेकर कोई ठोस सबूत नहीं है. दोनों के बीच विवाद सेक्स को लेकर एकमत नहीं होने की वजह से है. ये झगड़ा शारीरिक संबंध की संतुष्टि को लेकर है. अगर पति अपनी यौन इच्छा की संतुष्टि की मांग पत्नी से नहीं करेगा तो सभ्य समाज में कहा जाएगा.

## मेरठ में रावण के पुतले को पिलाई जाती है शराब, दहन से पहले का अनोखा टोटका

देशभर में आज बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दशहरा का त्योहार मनाया जा रहा है. आज के दिन जगह–जगह रावण के पुतले जलाए जाते हैं. लेकिन यूपी के मेरठ में एक ऐसी जगह है जहां रावण के पुतले को पहले शराब पिलाई जाती है और उसके बाद जिस जगह रावण का पुतला खड़ा किया जाता है, वहां पर भी शराब के छीटें लगाए जाते हैं. जिसके बाद पुतले का दहन किया जाता है. ये जानकर भले ही आपको थोड़ी हैरानी होगी लेकिन ये सच है. मेरठ में श्रीराम लीला कमेटी छावनी परिषद भैंसाली मैदान में रामलीला का मंचन करती है. रामलीला का ये मंचन करीब 64 साल से किया जा रहा है. तभी से दशहरे पर जब रावण का पुतला खड़ा किया जाता है तो उसे शराब पिलाई जाती है. इसी के साथ ही जहां पर रावण का पुतला खड़ा होता है वहां पर भी शराब डाली जाती है. ये एक टोटका है जिसे सुनकर आप भी चौंक जाएंगे.रावण को पिलाई जाती है शराब बड़े बुजुर्ग और पुराने लोग पिछले 64 साल से इस काम को करते नजर आ रहे हैं. बड़ों ने रावण के पुतले



को लेकर जो टोटका किया था वो आज भी चला आ रहा है. रावण के पुतले के लिए शराब मंगाई जाती है और फिर पिलाई जाती है.

इसे लेकर श्रीराम लीला कमेटी छावनी परिषद के महामंत्री गणेश अग्रवाल ने कहा कि हमने दो बार ऐसा किया था कि रावण के पुतले को शराब नहीं पिलाई तो रावण का पुतला खड़ा ही नहीं हुआ. पूरी कोशिशें की गई और जब ज्यादा लोगों को रावण का पुतला खड़ा करने के लिए लगाया गया तो पुतला बीच में टूट गया. जिसके बाद कमेटी के पुराने लोगों और इलाके के बुजुर्गो ने कहा कि शराब पिला दो ये टोटका है और फिर रावण का पुतला खड़ा करो. रावण के पुतले को जोड़कर जैसे ही शराब पिलाई गई तो आसानी से पुतला खड़ा हो गया. जिसके बाद से ये चलन शुरू हो गया, यहां रावण, कुंभकरण और मेघनाद तीनों के पुतले को खड़ा करने से पहले शराब पिलाई जाती है और फिर उसे खड़ा किया जाता है. मेरठ के भैंसाली मैदान में पिछले 64 सालों रामलीला के मंचन किया जा रहा है. यहां रावण का 130, कुंभकरण का 120 फीट और मेघनाद का 110 फीट ऊंचे पुतले का दहन होता है. रामलीला कमेटी का कहना है कि अगर रावण के पुतले को शराब नहीं पिलाई जाएगी तो पुतला खड़ा ही नहीं होगा.

**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र **जननायक सम्राट** के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक ब्यूरो एंव संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें –

**अमित कुमार वर्मा**

सम्पादक करें

मो:8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**

हिन्दी साप्ताहिक

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिटिंगप्रेस,अचलताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर ,गली नम्बर 5, अलीगढ से प्रकाशित

सम्पादक

**अमित कुमार वर्मा**

**सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा।**

## बांग्लादेश के मंदिर से चोरी हुआ सोने का मुकुट, अयोध्या के महंत ने मोदी सरकार से की ये मांग



बांग्लादेश के श्री श्री जेशोरेश्वरी मंदिर में देवी काली का सोने का मुकुट चोरी हो जाने की घटना को लेकर अयोध्या के महंत ने इसकी कड़ी निंदा की है. उन्होंने इस मामले में भारत सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग की है. साथ ऐसे अपराधियों पर कार्रवाई की मांग की है, जो धर्म विशेष के लोगों को और उनके धर्म स्थलों निशाना बना रहे हैं. ऐसे लोगों पर कार्रवाई की मांग की. ये मुकुट पीएम मोदी ने बांग्लादेश दौरे के दौरान भेंट चढ़ाया था.बांग्लादेश में काली मंदिर से मुकुट चोरी होने की घटना पर अयोध्या के हरिधाम गोपाल मंदिर के जगतगुरु राम दिनेश आचार्य ने कहा है कि, मंदिरों, देवी–देवताओं के साथ जो कृत्य हो रहे हैं. जो देश की आस्था के प्रतीक हैं, बहुत ही घृणित हैं और मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं. उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा समर्पित किए गए दुर्गा मां के मुकुट के गायब होने की कड़ी निंदा की. उन्होंने मांग की है कि भारत सरकार इसमें हस्तक्षेप करे और कम से कम उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए.पीएम मोदी ने उपहार में दिया था मुकुटगौरतलब है कि, बांग्लादेश के श्री श्री जेशोरेश्वरी मंदिर में देवी काली का सोने का मुकुट चोरी हो गया. यह मुकुट, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उपहार में दिया गया था. ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक मंदिर के सीसीटीवी फुटेज में एक युवक दोपहर 2:49 बजे मंदिर में प्रवेश करता हुआ दिखाई दे रहा है. वह मूर्ति के पीछे खड़ा होता है और कुछ ही पलों में मुकुट को अपनी टी–शर्ट के नीचे छिपा लेता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 फरवरी, 2021 को मंदिर की अपनी यात्रा के दौरान मुकुट उपहार के रूप में दिया था.

## फांसी से झूलते युवक के लिए मसीहा बनकर पहुंची पुलिस, चंद पलों की देरी होती तो चली जाती जान

मेरठ में पुलिस की तेजी और तत्परता के चलते पुलिस ने एक युवक को आत्महत्या करने से बचा लिया. उसने अपनी जान देने की पूरी तैयारी कर ली थी गले में फांसी का फंदा भी बांध लिया और छत पर लगे हुक लटक भी गया. मौत चंद सेकेंड की दूरी पर थी तभी पुलिस देवदूत बनकर वहां आ गई और उसने युवक को फांसी लगने से बचा लिया. पुलिस अगर पलभर और देरी कर देती तो उसकी जान चली जाती. मामला मेरठ के परतापुर थाना इलाके के उपले. हडा गांव का है. यहां रहने वाले युवक आदित्य शादीशुदा है. उसका किसी बात को लेकर अपने माता–पिता से झगड़ा हो गया था, जिसके बाद उसने अपनी जिदंगी को खत्म करने की ठान ली. जिसके बाद परिजनों ने तत्काल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दे दी और उसे बचाने की गुहार लगाई. फांसी के फंदे पर लटका युवकफोन पर खबर मिलते ही पुलिसवालों ने तेजी दिखाई और बिना कोई देरी किए उस घर के लिए दौड़ लगा दी. इधर गुस्से से तिलमिलाया आदित्य तो जैसे अपनीजान देने पर आमदा था. उसने भी पंखे के कुंडे में फांसी का फंदा बांध दिया और इससे पहले कि कोई कुछ कर पाता वो फांसी के फंदे पर झूल गया. लेकिन, तभी मेरठ पुलिस की एंट्री हो गई. पुलिस जैसे ही कमरे में पहुंची आदित्य फंदे से झूल रहा था, जिसके बाद पुलिस ने उसके पैर पकड़कर उसे कंधे पर उठा लिया, उधर आदित्य पुलिस से उलझने की कोशिश कर रहा था ताकि किसी तरह से उसे गले में पड़ा फंदा कड़ा हो जाए. इसके बाद घरवाले भी उसे बचाने के लिए दौड़े और सभी ने उसे उठा लिया. इसके बाद दूसरे पुलि. सवाले ने उसके गले में बंधा फंदा काटना शुरू कर दियाफरिश्ता बनकर पहुंची पुलिस इस पूरी घटना की तस्वीरें भी सामने आई हैं जिसमें देखा जा सकता है कि कैसे पुलिस ने आदित्य को कंधे पर उठाया है ताकि उसके गले का फंदा कड़ा न हो जाए. जिसके बाद पुलिस ने उसे उतार लिया और समझा–बुझाकर शांत किया. इसके बाद पुलिस उसे थाने में लेकर आई और उसकी काउंसलिंग भी कराई गई. मेरठ पुलिस के इस जज्बे की अब लोग दिल खोलकर तारीफ कर रहे हैं और कहा रहे हैं श्शाबाश मेरठ पुलिसश्इस बारे में एसपी सिटी मेरठ आयुष विक्रम ने कहा कि मेरठ पुलिस अब बदल चुकी है. इस मामले में दोनों पुलिसवालों ने वाकई बड़ी तत्परता दिखाई है, जिसकी बदौलत हम एक जिंदगी बचाने में कामयाब हो गए. आदित्य को थाने पर बैठाकर उसकी काउंसलिंग की गई है और फिर परिवार वालों को बुलाकर उन्हें भी समझाया गया है. सभी को शांत करके घर वापस भेज दिया गया है. पूछताछ में पता चला था कि माता पिता के डांटने से नाराज होकर ये शख्स फांसी के फंदे पर लटका था.

## दीपावली से पहले अपना वादा पूरा करेगी योगी सरकार आपको भी मिलेगा फायदा?

दीपावली का त्योहार आ रहा है, ऐसे में यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार एक बार फिर से अपने पुराने वादे को पूरा करने में जुट गई है. जिससे प्रदेश की तमाम महिलाओं को लाभ मिलेगा. पिछले साल की तरह इस साल भी दिवाली पर महिलाओं को मुफ्त एलपीजी सिलेंडर दिया जाएगा. इस संबंध में शासन की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं. यूपी में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को दीपावली पर फ्री गैस सिलेंडर देने की तैयारी की गई है. योगी सरकार के इस फैसले से प्रदेश की 1.85 करोड़ उज्जवला योजना की लाभार्थी महिलाओं को फायदा मिलेगा. इसके लिए पहले महिलाओं को सिलेंडर लेना होगा, जिसके पांच दिन पर सिलेंडर के पैसे लाभार्थी के खाते में आ जाएंगे. सीएम योगी ने जारी किए आदेश पिछले साल भी सीएम योगी ने होली और दीपावली पर उज्जवला योजना की लाभार्थी महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर मुहैया कराये थे. इस बार भी सरकार ने अपने वादे को निभाने की तैयारी कर ली है. मुख्यमंत्री ने इस संबंध में संबंधित विभाग को आदेश जारी कर दिए हैं. जिसके बाद महिलाएं दिवाली पर मुफ्त सिलेंडर ले सकेंगी. योगी सरकार के इस ऐलान से पिछले साल प्रदेश की 85 लाख महिलाओं को फायदा हुआ था. इस बार लाभार्थियों का संख्या बढ़कर 1.85 करोड़ हो गई है. जिन्हें इस घोषणा से लाभ मिलेगा. इसके अलावा भी केंद्र सरकार उज्जवला योजना के तहत लाभार्थियों को प्रत्येक सिलेंडर पर 300 रुपये की सब्सिडी दी जाती है. जो सीधा उनके खाते में ट्रांसफर की जाती है. बता दें कि यूपी विधानसभा चुनाव के दौरान बीजेपी ने साल में दो सिलेंडर दिवाली और होली के त्योहार पर देने का ऐलान किया था. चुनाव जीतने के बाद वो अपने इस वायदे को लगातार पूरा करते आ रहे हैं. प्रदेश सरकार की ओर से उज्जवला की लाभार्थी महिलाआ को एक सिलेंडर दिवाली और एक एलपीजी सिलेंडर होली पर मुफ्त दिया जाता है.

# फास्ट फूड खाने वाले सावधान! युवक की आंत से निकला तीन सेंटीमीटर लंबा जिंदा कॉकरोच

## युवक को लगातार तीन दिनों तक पेट दर्द और खाना पचाने में परेशानी हुई. उसने फास्ट फूड खाया था.



दिल्ली मेंएक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है. 23 साल के एक युवक की आंत से कॉकरोच निकाला गया है. हैरान करने वाली बात ये है कि ये कॉकरोच आंत में जिंदा था और इसकी लंबाई तीन सेंटीमीटर थी. अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी.दरअसल, दिल्ली के वसंत कुंज स्थित फोर्टिस हॉस्पिटल में एक मरीज आया. उसने स्ट्रीट फूट खाया था. इसके बाद से ही उसके पेट में लगातार दर्द हो रहा था. गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में वरिष्ठ सलाहकार डॉ. शुभम वात्स्य ने बताया कि अस्पताल आने से पहले युवक को लगातार तीन दिनों तक भयंकर पेट दर्द, भोजन पचाने में परेशानी और पेट फूलने की शिकायत की थी. इसके बाद ऊपरी गैस्ट्रोइंटेस्टा. इनल (जीआई) एंडोस्कोपी की गई जिससे मरीज की छोटी आंत में फंसे जीवित कॉकरोच का पता चला.

एंडोस्कोपी के जरिए निकाला कॉकरोच

अस्पताल ने शुक्रवार को बताया कि कॉकरोच को आंत से बाहर निकालने की प्रक्रिया में 10 मिनट का समय लगा. उसकी छोटी आंत से इसे बाहर निकाला गया. इस प्रक्रिया में स्पेशलाइज्ड एंडोस्कोपी का इस्तेमाल किया गया. जिसमें दो चौलन्स थे. इलाज में देरी होने से बढ़ सकती थी परेशानी डॉक्टर ने कहा कि

उन्होंने एंडोस्कोपी करके जल्दी से काम किया. डॉक्टरों ने जब मरीज से पूछा कि उसके पेट में इतना बड़ा कॉकरोच गया कैसे तो मरीज कुछ जवाब नहीं दे पाया. वहीं डॉक्टरों ने अनुमान लगाया है कि मरीज ने खाना खाते समय कॉकरोच निगल लिया होगा या सोते समय उसके मुंह में चला गया होगा. डॉक्टरों के मुताबिक कॉकरोच किसी भी स्थिति में जिंदा रहने की क्षमता रखता है. मरीज का इलाज करने वाले डॉ. शुभम वात्स्य ने बताया कि अगर इलाज में देरी संक्रमण की वजह से मरीज की परेशानी बढ़ सकती थी.

## दिल्ली में कार शोरूम मालिक से रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार, गैंग के नाम से भेजी थी चिट्ठी




दिल्ली पुलिस ने रंगदारी मांगने के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया है. आरोपी की पहचान करण ढींगरा के रूप में हुई है. करण ढींगरा रानी बाग इलाके का रहने वाला है. पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल फोन और सिमकार्ड को भी बरामद किया है. डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि 4 अक. टूबर की शाम नारायणा विहार में कार शोरूम मालिक को गैंग के नाम से चिट्ठी भेजकर रंगदारी की मांग की गयी थी. पुलिस को धमकी भरी चिट्ठी की शिकायत मिली. शिकायत पर एसीपी मायापुरी की देखरेख में टीम का गठन किया गया.टीम में एटीएस के इंचार्ज इंस्पेक्टर मनीष चौधरी, एएसआई दशरथ, नवीन, हेड कॉन्स्टेबल राज. न्द्र, मनोज, नारायणा विहार थाना के एसआई विकास, हेड कॉन्स्टेबल विकास को भी शामिल किया गया. एटीएस और नारायण विहार पुलिस की संयुक्त टीम को तकनीकी निगरानी और स्थानीय जानकारी की मदद से पता चला कि चिट्ठी डिलीवर करने के लिए रैपिडो बाइक का इस्तेमाल किया गया था. सीसीटीवी फुटेज की मदद से चिट्ठी डिलीवर करने वाले शख्स के रूट को फॉलो किया गया.गैंगस्टर बनने चला था, पहुंचा हवालात के पीछे पुलिस ने तकनीकी और मैनुअल निगरानी का इस्तेमाल कर आरोपी की पहचान कर ली. पहचान होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पूछ. ताछ में खुलासा हुआ कि करण ढींगरा का किसी भी गैंग से संबंध नहीं है. उसने गैंगस्टर के नाम से रंगदारी की चिट्ठी भेजी थी. डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि कार स्ट्रीट शोरूम में कुछ दिन पहले एक गिरोह के सदस्यों ने फायरिंग की थी. फायरिंग की घटना से हड़कंप मच गया था. करण ढींगरा ने स्थिति का फायदा उठाने के लिए कार शोरूम मालिक को धमकी भरी चिट्ठी भेजी थी. पुलिस ने गैंग के नाम से धमकी देकर रंगदारी मांगने का मंसूबा नाकाम कर दिया.

### दिल्ली में ठंड ने दी दस्तक, न्यूनतम और अधिकतम तापमान में आई कमी, जानें वजह

दिल्ली और आसपास के शहरों में शुक्रवार को पहली बार अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कमी आई. कई इलाकों में तापमान 20 डिग्री से भी नीचे पहुंच गया. सुबह और शाम के समय दिल्ली वालों को वाहन से सफर करते वक्त ठंड का अहसास होने लगा है. मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में दिल्ली में ठंड और अधिक तेजी से बढ़ सकती है। आईएमडी की ओर से जारी बयान के मुताबिक उंचाई वाले पहाड़ी इलाकों से आ रही ठंडी हवाओं की वजह से तापमान में गिरावट हो रही है.गर्मी से मिलेगी राहत मौसम विभाग के अनुसार शनिवार और रविवार को आ. समान साफ रहेगा. कहीं–कहीं आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे. अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है. इसके बाद 17 अक्टूबर तक दिल्ली में बादल छाए रहेंगे.अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री के बीच बना रहेगा. औसत से कम रहा तापमानदिल्ली में

शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के सामान्य से एक डिग्री कम है. मौसम विभाग के मुताबिक शाम 5रू30 बजे न्यूनतम तापमान 20.3 डिग्री सेल्सियस और आर्द्रता का स्तर 48 प्रतिशत दर्ज किया गया. ।फ़ बढ़ने के संकेतशुक्रवार शाम छह बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 143 रहा, जो मध्यम श्रेणी में आता है. आने वाले दिनों में प्रदूषण में बढ़ोतरी के संकेत हैं. बता दें कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' तथा 401 से 500 के बीच को 'गंभीर' माना जाता है.

### संदिग्ध परिस्थिति में होटल की सातवीं मंजिल से गिरा युवक, मौत

इंदिरापुरम। कौशांबी थाना क्षेत्र के होटल ब्लू स्टोन की सातवीं मंजिल से फार्मा कंपनी में प्रशिक्षण के लिए आया युवक संदिग्ध परिस्थिति में गिर गया। गिरने से घायल हुए युवक की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।नवी मुंबई के बेलापुर रोड तलावली नाका महेंद्र नगर में दयाशंकर बालासाहेब (24) परिवार के साथ रहते थे। दयाशंकर बालासाहेब शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे कौशांबी थाना क्षेत्र के ब्लू स्टोन होटल की सातवीं मंजिल से गिर गए। होटल के स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दयाशंकर को अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसे मृत घोषित कर दिया। एसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने होटल में लगाए गए कागजात से उसकी पहचान की। जांच में पता चला कि दयाशंकर का चयन मैनकाइंड फार्मा कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के रूप में हुआ था।प्रशिक्षण के लिए उसे होटल में कंपनी की ओर से ठहराया गया था। चौ. थे तल के कमरे में वह हैदराबाद व पश्चिम बंगाल के दो अन्य साथियों संग सात अक्तूबर से रुका हुआ था। होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर पता चला कि शुक्रवार सुबह वह अपने कमरे से निकला और होटल की छत सातवें तल पर जाता दिखा। इसी आधार पर युवक के आत्महत्या करने की बात कही जा रही है। एसीपी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारण का पता चलेगा। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक का फोन लॉक है। लॉक खोलने का प्रयास किया जा रहा है। फोन का लॉक खुलने और परिजनों से बात करने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी के साथ किया सामूहिक दुष्कर्म किया, तीन आरोपी पकड़े

लोनी। ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में 16 साल की किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोपियों के दोस्तों पर भी शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में नाबालिग समेत तीन आरोपियों को पकड़ लिया है।कॉलोनी में रहने वाली किशोरी ने पुलिस को बताया कि उनकी चांद के साथ दोस्ती है। चांद ने पहले तो शादी का झांसा दिया फिर उनके साथ दुष्कर्म किया। बाद में चांद ने शादी से इन्कार कर दिया फिर उन्हा. ने चांद के दोस्तों से बात की। दोस्तों ने उन्हें धोखे से ऑफिस पर बुलाया। वह ऑफिस गई तो आरोपियों ने उनके साथ संबंध बनाए। वह अपनी जान बचाकर वहां से भागी। चांद अपने दोस्तों के साथ मिला हुआ है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चांद को गिरफ्तार कर लिया है। चांद के दो नाबालिग दोस्तों को भी पकड़ लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खड़ी कार में लगी आग

गाजियाबाद। एनडीआरएफ रोड पर आरके पुरम में साईं फार्म हाउस के पास खड़ी एक कार में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लग गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल ने किसी तरह आग बुझाई। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि सूचना मिलने पर दमकल की एक गाड़ी भेजकर आग पर काबू पाया गया। जानकारी करने पर पता चला कि कार मालिक आकांक्षा पत्नी गौरव मौके पर मौजूद थीं। मामले में जांच की जा रही है।

# 200 लोगों पर 6 करोड़ का हाउस टैक्स बकाया, भवन होंगे सील

अलीगढ़ नगर निगम अंतर्गत शहर के 200 लोगों पर 6 करोड़ संपत्ति कर बकाया है। निगम ने बड़े बकायदारों के भवन को सील करने का मन बना लिया है। इन बकायेदारों में क्वार्सी स्थित एक हॉस्पिटल के निदेशक भी शामिल हैं। इसी तरह बैंक, लॉक्स कंपनी पर भी बकाया है ।अलीगढ़ शहर में 200 लोगों पर छह करोड़ रुपये का संपत्तिकर बकाया है। इनके भवनों को सील करने की तैयारी नगर निगम ने कर ली है। 18 अक्तूबर से बड़े बकायेदारों और शहर के नामी लोगों के खिलाफ नगर निगम कुर्की अभियान चलाएगा ।नगर निगम ने शहर को चार जोन में बांटा है। हर जोन से 50–50 बड़े बकायेदार हैं, जिन पर 27 लाख रुपये तक बाकी हैं। इन



बकायेदारों में क्वार्सी स्थित एक हॉस्पिटल के निदेशक भी शामिल हैं। इसी तरह बैंक, लॉक्स कंपनी पर भी बकाया है। जोन–1 में 50 बड़े बकायेदारों पर 1,7029077 रुपये का संपत्तिकर बकाया है ।जोन–2 में 50 बड़े बकायेदारों पर 24805114 रुपये का संपत्तिकर बकाया है। जोन–3 में 50 बड़े बकायेदारों पर 12708196 रुपये व जोन–4 में 50 बड़े बकायेदारों पर 19308642 रुपये बकाया है।

नगर निगम ने बड़े बकायेदारों की सूची सार्वजनिक कर दी है।

नगर आयुक्त विनोद कुमार ने बताया कि बड़े बकायेदारों के खिलाफ 18 अक्तूबर से 13 नवंबर तक अभियान चलेगा।

अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया कि बड़े बकायेदारों को नोटिस भेजे जा चुके हैं। अगर समय के अंदर बकाया नहीं जमा करेंगे, तो उनके भवनों की कुर्की कर उस पर सील लगा दी जाएगी। अगर कोई संपत्तिकर बकायेदार नियत तिथि से पहले बकाया नहीं जमा करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## माता के भजनों पर महिलाओं ने करवा नृत्य किया

अलीगढ़। शारदीय नवरात्रों में सिटी क्लब में डांडिया उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें माता के भजनों पर भारतीय परिधानों में महिलाओं ने करवा न ृत्य किया ।हर वर्ष की भांति गांधीपार्क चौराहे स्थित धीरज पैलेस के सिटी क्लब मेंआयोजित डांडिया उत्सव में आकर्षक सजावट के मध्य जहां महिलाओं ने एक दूसरे को नवरात्रों और आगामी विजया दशमी की शुभकामनाएंदीं। इस दौरान काजल धीरज, दीप्ती शर्मा, नीरू भारती, रीता राठौर, रिचा गुप्ता, नीलम सक्सैना, शालिनी सक्सैना, कोकिला अग्रवाल, नवीना, कविता बंसल, कीर्ति अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, श्रुति गुप्ता, प्रभा गुप्ता आदि ने गरवा नृत्य में प्रतिभाग किया।

## रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को छोड़ने पर लेने आने वाले वाहनों से वसूल किए जाते हैं रू10

अलीगढ़। अलीगढ़ के रेलवे स्टेशन पर अपने सहयोगियों पर पारिवारिक जनों को छोड़कर जाने वाले लोगों पर लेने आने वाले लोगों से अवैध उगाही को लेकर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य संजू बजाज द्वारा रेलवे बोर्ड के अधिकारियों को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया शिकायती प्रार्थना पत्र में रेलवे स्टेशन द्वारा नामित ठेकेदारों द्वारा अपने रिश्तेदारों व अपने पारिवारिक जनों को लेकर आने बस छोड़कर जाने के नाम पर रू10 रू 20 उगाही की जा रही है जिसकी शिकायत काफी दिनों से किसी न किसी माध्यम से रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य संजू बजाज को मिल रही थी इस कारण बस आज उन्होंने रेलवे स्टेशन के अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध हल्ला बोल कर दिया ।

## राम नवमी पर सांसद सतीश गौतम ने अपने आवास पर किया कन्या पूजन



अलीगढ़ ।महानगर में महानवमी का त्यौहार पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया जबकि इसी क्रम में अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम ने अपने सभी व्यस्ततम कार्यक्रमों को छोड़कर कन्या पूजन के लिए अलीगढ़ आ गए जिससे वह नौ कन्याओं का पूजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कर सक. ें।वहीं सांसद जी के आवास पर नरवर घाट से आए हुए पुरोहित होने हवन यज्ञ कर पूजन कराया, तदोपरांत नौ कन्याओं के चरण धुलाकर इनका पूजन किया और सभी को भोजन करवाने के बाद दक्षिणा देते हुए सभी अलीगढ़ वासियों के स्वस्थ रहने की मंगल कामना की इसके अलावा उन्होंने सभी को राम नवमी व दशहरा की

## भाजपा का पैनल तैयार, कांग्रेस-सपा में मंथन का दौर, बसपा भी हो रही तैयार

उपचुनाव के लिए टिकट को लेकर सभी दलों में मारामारी है। सबसे ज्यादा लंबी सूची भाजपा नेताओं की थी। इनमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश के दावेदार भी शामिल थे। दिल्ली यूनिवर्सिटी और जेएनयू के प्रोफेसरों के नाम भी हैं। पिछले दिनों इन नामों में से दस नामों की सूची चुनाव प्रभारियों ने प्रदेश मुख्यालय को भेजी थी। इनमें से तीन नामों का पैनल पार्टी हाईकमान को भेजा गया है, जिनमें से एक नाम पर मुहर लगाई जानी है ।अलीगढ़ के खैर विधानसभा क्षेत्र में होने जा रहे उपचुनाव को लेकर चुनावी घमासान शुरू हो गया है। भाजपा, सपा, कांग्रेस, बसपा, रालोद समेत अन्य दलों के नेता चुनावी सभाएं कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा ने टिकट के तीन दावेदारों का पैनल तैयार कर दिया है, इनमें से ही किसी एक नाम पर मुहर लगाई जानी है। इससे भाजपा के साथ गठबंधन में शामिल रालोद का प्रत्याशी होने की संभावना समाप्त हो गई है। दूसरी ओर कांग्रेस–सपा गठबंधन में भी कांग्रेस का प्रत्याशी होने की संभावना अधिक है ।भा. जपा ने भेजा इन तीन नामों का पैनल हाईकमान कोउपचुनाव के लिए टिकट को लेकर सभी दलों में मारामारी है। सबसे ज्यादा लंबी सूची भाजपा नेताओं की थी। इनमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश के दावेदार भी शामिल थे। दिल्ली यूनिवर्सिटी और जेएनयू के प्रोफेसरों के नाम भी हैं। पिछले दिनों इन नामों में से दस नामों की सूची चुनाव प्रभारियों ने प्रदेश मुख्यालय को भेजी थी। इनमें से तीन नामों का पैनल पार्टी हाईकमान को भेजा गया है, जिनमें से एक नाम पर मुहर लगाई जानी है। इन तीन नामों में एक नाम दिवंगत पूर्व सांसद राजवीर दिलेर के पुत्र सुरेंद्र दिलेर का बताया जा रहा है। दूसरा नाम भोला दिवाकर का बताया जाता है, जो अलीगढ़ सांसद के नजदीकी माने जाते हैं और तीसरा नाम दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर देवराज सिंह का बताया जा रहा है। यह प्रोफेसर आरएसएस प्रचारक के नजदीकी हैं। हालांकि हाथरस सांसद अनूप वाल्म. ीकि की पत्नी लक्ष्मी का नाम भी चर्चा में है ।कांग्रेस ने भेजी 22 नामों की सूची पार्टी नेतृत्व कोदूसरी ओर कांग्रेस–सपा गठबंधन से कांग्रेस का प्रत्याशी घोषित होने की संभावना अधिक है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सोमवीर सिंह ने दावेदारों के 22 नामों की सूची पार्टी नेतृत्व को भेजी है। इस सूची में रोहताश जाटव, कैलाश वाल्मीकि, सागर आदि नेताओं के नाम शामिल हैं। दूसरी ओर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तेजवीर सिंह गुड्डू की पुत्रवधू चारू केन ने भी कांग्रेस में शामिल होने का दावा किया है। चर्चा है कि चारू केन कांग्रेस से चुनाव लड़ सकती हैं, लेकिन कांग्रेस जिलाध्यक्ष सा. ेमवीर सिंह, चारू केन की सदस्यता से ही इंकार कर रहे हैं। ऐसे में चारू केन को लेकर स्थिति स्पष्ट दिखाई नहीं देती। दूसरी ओर सपा के कई नेताओं के नाम भी चर्चा में हैं।



रालोद में बगावत की सुगबुगाहटखैर विधानसभा सीट पर उपचुनाव लड़ने के लिए रालोद के कुछ नेताओं ने दावेदारी की थी। चूंकि रालोद भाजपा का गठबंधन है इसलिए टिकट के लिए रालोद नेताओं ने पार्टी हाईकमान के साथ–साथ भाजपा और संघ नेताओं से भी संपर्क साधा। अब भाजपा के तीन नामों का पैनल तैयार होने के बाद रालोद में बगावत की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। चर्चा है कि रालोद के नेता अन्य दल से चुनाव लड़ सकते हैं अथवा निर्दलीय भी मैदान में उतर सकते हैं। त्रिकोणीय मुकाबले के आसारखैर सुरक्षित सीट पर लगभग 1.15 लाख जाट और 60 हजार से अधिक ब्राह्मण वोटर हैं। एससी वोटरों की कुल संख्या 1 लाख से ऊपर है। करीब 40 हजार वैश्य और करीब 30 हजार मुस्लिम वोटर हैं। जाटों की बहुतायत होने के चलते इस सीट को जाटलैंड कहा जाता है। भाजपा और रालोद का गठबंधन है, सपा और कांग्रेस का गठबंधन है। दूसरी ओर बसपा भी सक्रिय है, दलित वोटों के साथ अन्य में घुसपैठ की कोशिश में जुटी है। ऐसे में त्रिकोणीय मुकाबले की भी संभावना बनती है ।खैर विधानसभा सीट पर भा. जपा प्रत्याशी ही उपचुनाव लडेगा। जिला स्तर से टिकट के दावेदारों के नाम प्रदेश मुख्यालय में भेज दिए गए हैं। प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व से जिसे भी टिकट दी जाएगी उसे मजबूती के साथ चुनाव लड़ाया जाएगा ।– कृष्ण पाल सिंह लाला, भाजपा जिलाध्यक्षखैर में उपचुनाव को लेकर पार्टी की पूरी तैयारी है। टिकट के दावेदारों के नामों का पैनल तैयार किया जा रहा है। जल्द ही सूची पार्टी सुप्रीमो मायावती को भेजी जाएगी। जो भी नाम तय होगा उसे मजबूती से चुनाव लड़ाया जाएगा ।– मोरध्वज कुशवाहा, बसपा जिलाध्यक्षखैर सीट पर उपचुनाव में टिकट के लिए 22 दावेदारों के नाम पार्टी नेतृत्व को भेजे गए हैं। चूंकि चारू केन पार्टी की सदस्य नहीं हैं, इसलिए इनका नाम दावेदारों की सूची में नहीं है ।– ठा. सोमवीर सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सबको मिला मौका1967, 1974 और 1980 में कांग्रेस को यहां जीत मिली। 1985 में लोकदल और 1989 में जनता दल के खाते में जीत आई। 1991 में रामलहर में यहां भाजपा का खाता खुला जब चौधरी महेंद्र सिंह को जीत मिली। 1993 में सीट जनता दल के पास चली गई। 1996 में भाजपा ने चौधरी चरण सिंह की बेटी ज्ञानवती को उम्मीदवार बनाया। ज्ञानवती जीत गईं। 2002 में बसपा से प्रमोद गौड़ जीते। 2007 में रालोद ने यह सीट अपने खाते में डाल ली। 2008 के परिसीमन के बाद खैर सीट सुरक्षित हो गई, लेकिन 2012 के चुनाव में भी रालोद को जीत मिली। इस सीट पर अनूप प्रधान ने 2017 में करीब 23 साल बाद कमल खिला दिया। 2022 में अनूप प्रधान जीते ।पिछले तीन चुनावों के परिणाम

2022
अनूप वाल्मीकि, भाजपा रू 1,39,643
चारू केन, बसपा रू 65,302
भगवती प्रसाद, रालोद रू 41,644

2017
अनूप वाल्मीकि, भाजपा रू 1,24,198
राकेश कुमार मौर्य, बसपा रू 53,477
ओम पाल सिंह, रालोद रू 41,888

2012
भगवती प्रसाद, रालोद रू 93,470
राजरानी, बसपा रू 54,696
अनूप वाल्मीकि, भाजपा रू 26,609

कुल वोटर रू 4.03 लाख
पुरुष रू 2.15 लाख
महिला रू 1.87 लाख

खैर विधानसभा सीट पर हुए चुनाव
– 1952 में कांग्रेस से मोहनलाल गौतम (टप्पल, खैर, चंडौस, जवां संयुक्त विधानसभा क्षेत्र)
– 1957 में कांग्रेस से चौ. देवदत्त सिंह (टप्पल विधानसभा क्षेत्र बना)
– 1962 में निर्दलीय चौ. महेंद्र सिंह
– 1967 में कांग्रेस से चौ. प्यारेलाल (खैर विधानसभा क्षेत्र बना)
– 1969 में भारतीय क्रांति दल से चौ. महेंद्र सिंह
– 1974 में कांग्रेस से चौ. प्यारेलाल
– 1977 में जेएनपी से चौ. प्यारेलाल
– 1980 में कांग्रेस से चौ. शिवराज सिंह
– 1985 में लोकदल से चौ. जगवीर सिंह
– 1989 में जनता दल से चौ. जगवीर सिंह
– 1991 में बीजेपी से चौ. महेंद्र सिंह
– 1993 में जनता दल से चौ. जगवीर सिंह
– 1996 में भाजपा से ज्ञानवती सिंह पुत्री चौ. चरण सिंह
– 2002 में बसपा से प्रमोद गौड़
– 2007 में रालोद से चौ. सत्यपाल सिंह
– 2012 में रालोद से भगवती प्रसाद सूर्यवंशी
– 2017 में भाजपा से अनूप प्रधान
– 2022 में भाजपा से अनूप प्रधान

## न आया मैसेज, न आई कोई कॉल कृषि कर्मी के खाते से ठगों ने पार किए 3.97 लाख, शिकायत दर्ज

सादाबाद के कृषि विभाग के कार्यालय में एटीएम के पद पर कार्यरत सुरेंद्र सिंह के बैंक खाते से करीब 3,97,310 रुपये अज्ञात साइबर अपराधियों ने पार कर दिए। खाते से रुपये गायब होने से पहले न तो उनके पास कोई मेसेज आया और न कोई कॉल आई ।हाथरस में तहसील सादाबाद के कृषि विभाग के कार्यालय में सहायक तकनीकी प्रबंधक यानी एटीएम के पद पर कार्यरत एक युवक के बैंक खाते से शातिर ठगों ने तीन लाख 97 हजार रुपये पार कर दिए। आश्चर्यजनक बात यह है कि खाते से रुपये निकलने का न तो कोई मेसेज इस युवक के मोबाइल पर पहुंचा और न किसी कॉल के जरिये उनके साथ धोखाधड़ी की गई ।अलीगढ़ के गांव नगला पदम निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र टूकीराम सादाबाद के कृषि विभाग के कार्यालय में एटीएम के पद पर कार्यरत हैं। सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उनका बैंक खाता स्टेट बैंक की शाखा में है। 2 अक्तूबर से 9 अक्तूबर तक उनके बैंक खाते से करीब 3,97,310 रुपये अज्ञात साइबर अपराधियों ने पार कर दिए। इसका पता उन्हें तब लगा, जब वह 9 अक्तूबर को अपना बैंक बैलेंस जांच रहे थे ।खाते से रुपये गायब होने से पहले न तो उनके पास कोई मेसेज आया और न कोई कॉल आई। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत पुलिस से भी की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। अब उन्होंने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। वह अपनी शिकायत दर्ज कराने अलीगढ़ में उच्चाधिकारियों के समक्ष भी जाएंगे।

# मृत्युशय्या पर अंतिम सांसे गिन रहे रावण के पास भगवान राम ने लक्ष्मण को क्या लेने के लिए भेजा था

## विष्णु के सातवें अवतार में जन्म लेकर मर्दाया पुरूषोत्तम राम ने अपनी मानवीय लीलाओं से लोगों को विश्वास दिलाया

दशहरा पर जगह–जगह रामलीला का आयोजन किया जाता है, जिसमें रावण को रणक्षेत्र में मृत्युशय्या पर शयन अवस्था में और भगवान राम की विजय लीला देख लोग खूब प्रसन्न होते हैं और उत्साह से तालियां बजाते हैं.यह खुशी केवल रावण के अंत की नहीं बल्कि अधर्म, असत्य और अन्याय के अंत की भी है. मानव रूप में जन्म लेकर अवतारी प्रभु राम ने कई लीलाएं दिखाईं और रावण का वध कर उन्होंने यह विश्वास दिलाया कि अधर्म चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, जीत हमेशा सत्य की ही होती है.रावण में थे ये गुणदशानन रावण राक्षस कुल का राजा था. वह भले ही अत्यंत दुराचारी था, लेकिन उसके समान शक्तिशाली दुनिया में दूसरा कोई नहीं था. रावण अत्यंत बलशाली,




महापराक्रमी योद्धा, परम शिव भक्त, वेदों का ज्ञाता और पंडित था. वह ब्रह्मा ज्ञानी और बहु–विद्याओं का जानकार था. कहा जाता है कि रावण तंत्र, सम्मोहन, इंद्रजाल और जादू भी जानता था.राम ने लक्ष्मण को रावण के पास क्यों भेजाभग. वान राम ने उसका वध किया. लेकिन वे इस बात को जानते थे कि रावण के समान विद्वान और महाज्ञानी इस संसार में दूसरा कोई नहीं है. इसलिए रावण मृत्युशय्या पर जब अपनी अंतिम सांसे गिन रहा था, तब भगवान राम ने लक्ष्मण को उसके पास जाकर ज्ञान प्राप्त करने को कहा. रामजी ने लक्ष्मण कहा कि, रावण द्वारा दिया गया जीवन का अहम ज्ञान तुम्हें और कोई नहीं दे सकता.आज के समय में भी रावण द्वारा बताई गई ये बातें बहुत काम आती हैं. इसलिए रावण ने लक्ष्मण जी को जो उपदेश दिए वह आपको भी जरूर जानना चाहिए. यह जीवन में आपके बहुत काम आएगी.रावण के उपदेश शुभ काम में देरी नहींरू अंतिम सांसे गिन रहे रावण ने लक्ष्मण से कहा कि शुभ या अच्छे काम को करने के लिए कभी भी देरी नहीं करनी चाहिए. वहीं दूसरी ओर अशुभ काम को जितना हो सके उतना टालना अच्छा होता है. बुद्धि भ्रष्ट करता है अहंकाररू जब कोई व्यक्ति अहंकार से भरा होता है तो उसकी बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है. रावण ने लक्ष्मण से कहा कि अहंकार में व्यक्ति को इतना अंधा नहीं होना चाहिए कि उसे अपना शत्रु ही कमजोर लगने लगे. दरअसल रावण को ब्रह्मा जी से अमरता का वरदान प्राप्त था. ऐसा वरदान प्राप्त कर रावण को बहुत घमंड हो गया और वह दूसरों को तुच्छ समझने लगा. उसे लगा मानव और वानरों की सेना उसका क्या उखाड़ पाएगी. जबकि उसकी यही भूल उसकी मृत्यु का कारण बनी.शत्रु और मित्र के बीच पहचान करनारू जीवन में आप तभी सफल हो सकते हैं जब आप शत्रु और मित्र के बीच पहचान करना सीख लें. कई बार आप शत्रु को मित्र और मित्र को शत्रु समझकर ऐसी गूढ़ रहस्यों को बता देते हैं जो आपका ही नुकसान करा सकती है. रावण ने लक्ष्मण से कहा, विभीषण जब लंका गया तब वह मेरा शुभेच्छु था लेकिन जब वह राम की शरण में गया तो मेरे विनाश का कारण बन गया. पराई स्त्री पर बुरी नजर न रखेंरू रावण ने मृत्युशय्या पर उपदेश देते हुए लक्ष्मण से कहा कि किसी भी पराई स्त्री पर बुरी नजर नहीं रखनी चाहिए. जो ऐसा करता है उसका नष्ट होना निश्चित है.

## तुला राशि वालों के काम की तारीफ होगी, परिवार खुशहाल रहेगा, पढ़ें पूरा वीकली राशिफल

13 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 तुला राशि चक्र की सातवीं राशि है. इसके स्वामी शुक्र ग्रह है. जानते हैं तुला राशि वाले जातकों के लिए यह नया सप्ताह यानी 13 से 19 अक्टूबर 2024 तक का समय कैसा रहेगा और आपको समस्याओं से बचने के लिए क्या उपाय करने चाहिए.ज्योतिषाचार्य से जानें तुला राशि वालों का साप्ताहिक राशिफल विस्तार से 2024) –यात्रा शुभ और मनचाहे परिणाम को देने वाली साबित होगी. यात्रा के दौरान आपको सत्ता–सरकार से जुड़े प्रभावी लोगों से मुलाकात होगी, जिनकी मदद से भविष्य में लाभ की योजनाओं से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा. यह सप्ताह मार्केटिंग, कमीशन पर काम करने वाले लोगों के लिए बेहद शुभ रहने वाला है. इस सप्ताह आपके सोचे हुए कार्य समय पर पूरे होंगे और कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी. यह सप्ताह आपके मान–सम्मान में वृद्धि कराने वाला साबित होगा. यदि आप समाज सेवा से जुड़े हैं तो आपको आपके विशेष योगदान के लिए पुरस्कृत किया जा सकता है.सप्ताह के उत्तरार्ध में संतान से जुड़ी कोई बड़ी चिंता दूर होगी. तुला राशि के जातकों को इस सप्ताह अपनी तमाम व्यस्तताओं के बीच अपनी सेहत का विशेष ख्याल रखना होगा. खान–पान और अपनी दिनचर्या सही रखें अन्यथा आपको पेट संबंधी पीड़ा झेलनी पड़ सकती है. किसी भी प्रकार की शारी. रिक पीड़ा को इग्नोर करने की गलती न करें.रिश्ते–नाते की दृष्टि से यह सप्ताह शुभ है.



घर–परिवार में खुशियों का माहौल बना रहेगा. इस सप्ताह आपको अपने लव पार्टनर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है. प्रेम संबंध में प्रगाढ़ता आएगी और आपसी विश्वास बढ़ेगा. दांपत्य जीवन सुखमय बना रहेगा. सप्ताह के अंत में परिवार के संग पत्नी–बच्चों के संग हंसी–खुशी समय बिताने का अवसर प्राप्त होगा.तुला राशि वाले करें ये उपाय: सुख–सौभाग्य में वृद्धि के लिए प्रतिदिन श्रीयंत्र की पूजा तथा श्रीसूक्त का पाठ करें.

## 13 या 14 अक्टूबर, जानें कब है पापांकुशा एकादशी?

आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को पापांकुशा एकादशी का व्रत रखा जाता है। एकादशी का व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है। एकादशी के दिन विधिपूर्वक पूजा करने और व्रत रखने से प्रभु नारायण की विशेष कृपा प्राप्त होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पापांकुशा एकादशी का व्रत करने से हर तरह के पाप मिट जाते हैं और धन–धान्य, सुख–समृद्धि की प्राप्ति होती है। तो आइए जानते हैं कि अक. टूबर में पापांकुशा का व्रत कब रखा जाएगा और पूजा का शुभ क्या रहेगा।पापांकुशा एकादशी व्रत 2024 पारण का समय

पापांकुशा एकादशी व्रत का पारण 14 अक्टूबर को किया जाएगा। बता दें कि एकादशी का पारण द्वादशी तिथि में किया जाता है। एकादशी का पारण 14 अक्टूबर को दोपहर 1 बजकर 16 मिनट से दोपहर 3 बजकर 54 मिनट के बीच किया जाएगा। एकादशी के व्रत को समाप्त करने को पारण कहते हैं। एकादशी व्रत के अगले दिन सूर्योदय के बाद पारण किया जाता है। एकादशी व्रत का पारण हरि वासर के दौरान भी नहीं करना चाहिए। जो श्रद्धालु व्रत कर रहे हैं उन्हें व्रत तोड़ने से पहले हरि वासर समाप्त होने की प्रतीक्षा करनी चाहिए। पारण तिथि के दिन हरि वासर सुबह 11 बजकर 56 मिनट पर होगा।

**एकादशी दिन भगवान विष्णु के इन मंत्रों का करें जाप**

नारायणाय विद्महे। वासुदेवाय धीमहि । तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्

नमो: नारायणाय नमः।

विष्णवे नमरू

नमो: भगवते वासुदेवाय नमः

## ओंकारेश्वर में नहीं जलाया जाता रावण, जानें क्या है इस परंपरा के पीछे का रहस्य

खंडवारू खंडवा जिले की पवित्र तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में हर साल दशहरा का पर्व उत्साह से मनाया जाता है, लेकिन इस उत्सव की एक खास बात यह है कि यहां पर रावण का दहन नहीं किया जाता. यह परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है और आज भी इस नियम का पालन किया जाता है. इसका मुख्य कारण रावण का भगवान शिव का परम भक्त होना माना जाता है. ओंक. ारेश्वर की इस अनोखी परंपरा के पीछे कई धार्मिक और ऐतिहासिक संदर्भ जुड़े हुए हैं, जिनका पालन आज भी श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों द्वारा किया जाता है.

रावणरू भगवान शिव का अनन्य भक्तरावण को भगवान शिव का परम भक्त माना जाता है. आ. ेंकारेश्वर में रावण का सम्मान इस रूप में किया जाता है कि दशहरा के मौके पर यहां न तो रावण का पुतला जलाया जाता है, न ही उसके भाई कुंभकरण और बेटे मेघनाद का. यह परंपरा इसलिए निभाई जाती है क्योंकि रावण ने शिव भक्ति के कारण अनंत काल तक पूजा का अधिकार प्राप्त किया था.पंडित धर्मेंद्र पाठक ने बताया कि यह परंपरा सदियों से चली आ रही है और ओंकारेश्वर से 10 किलोमीटर के दायरे में कहीं भी रावण का दहन नहीं किया जाता. शिव भक्तों का मानना है कि रावण का दहन करने से अनहोनी घटनाएं हो सकती हैं, क्योंकि भगवान शिव ने रावण की तपस्या से प्रसन्न होकर उसे कई वरदान दिए थे. इसलिए, ओंकारेश्वर में रावण का सम्मान किया जाता है और उसके दहन से परहेज किया जाता है.शिवकोठी में रावण दहन का विवाद ओंकारेश्वर नगर के समीप स्थित ग्राम शिवकोठी में एक बार रावण का दहन किया गया था, जिसके बाद गांव में बड़ी अनहोनी घटित हुई. राव देवेंद्र सिंह, ओंक. ारेश्वर मंदिर के प्रबंधक ट्रस्टी, ने बताया कि रावण दहन के बाद गांव में बड़े विवाद उत्पन्न हो गए थे. गांव के लोग आपस में बंट गए, महिलाएं और पुरुष एक–दूसरे से बोलना तक बंद कर चुके थे. धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होना भी लोगों ने बंद कर दिया. इस स्थिति को देखकर गांव के बुजुर्गों ने आपसी समझौता करवाया और प्रण लिया कि अब से गांव में रावण का दहन नहीं किया जाएगा. यह घटना इस बात का प्रमाण है कि इस क्षेत्र में रावण दहन को लेकर गहरी धार्मिक मान्यता और परंपरा जुड़ी हुई है.ओंकारेश्वर में प्राचीन काल से रावण दहन नहीं किया जाता है, और यह परंपरा आज भी बरकरार है. स्थानीय लोग इस परंपरा का सख्ती से पालन करते हैं और इस नियम का उल्लंघन करने से बचते हैं. यहां के श्रद्धालुओं का मानना है कि रावण के प्रति सम्मान व्यक्त करना ही शिव भक्ति का सच्चा रूप है.ओंकारेश्वर एक प्रमुख शैव तीर्थ है, जहां भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व है. ऐसे में रावण, जो शिव का अनन्य भक्त था, का दहन यहां एक अपमानजनक कार्य माना जाता है. यही वजह है कि इस इलाके में रावण के प्रति एक विशेष सम्मान का भाव हैजाता है, लेकिन रावण का दहन नहीं किया जाता. इसका कारण सिर्फ धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि इस परंपरा के साथ जुड़े कड़े सामाजिक और सांस्कृतिक पहलू भी हैं. और उसे एक नायक के रूप में देखा जाता है, न कि एक खलनायक के रूप में.निष्कर्ष ओंकारेश्वर की इस अनूठी परंपरा ने इस पवित्र नगरी को एक अलग पहचान दी है. जहां देशभर में दशहरे के मौके पर रावण दहन का आयोजन होता है, वहीं ओंकारेश्वर में इसे शिव भक्त रावण का सम्मान समझा जाता है और दहन से परहेज किया जाता है. इस परंपरा ने न केवल धार्मिक आस्थाओं को जीवित रखा है, बल्कि इसे स्थानीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा भी बना दिया है.ओंकारेश्वर में हर साल दशहरा का उत्सव पूरे हर्षोल्लास से मनाया

## दशहरा पर आज लगा लीजिए शनि देव का यह पौधा, सभी दोष हों जाएंगे दूर



विजयादशमी या दशहरे के दिन लोग पूजा–पाठ करने के साथ ही कई तरह के उपाय भी करते हैं. मान्यता है इन उपायों से ग्रह–दोष से लेकर वास्तु दोष भी दूर हो जाते हैं. नवरात्रि की समा. प्ति के बाद दशहरा या विजयादशमी का पर्व मनाया जाता है. दशहरा पर रावण के पुतले का दहन किया जाता है. इस साल दशहरा का पर्व शनिवार 12 अक. टूबर 2024 को है. आज के दिन शस्त्र पूजन का विधान है, माता रानी की मूर्ति का विसर्जन किया जाता है और रावण दहन होता है. इसी के साथ दशहरा के दिन शमी वृक्ष की पूजा भी की जाती है. वहीं शमी का पौधा घर पर लगाने के लिए आज का दिन सबसे शुभ होता होता है. शमी को शनि देव का पौधा कहा जाता है. भग. वान शिव को भी पूजा में शमी के पत्ते चढ़ाए जाते हैं. इसके साथ ही मां दुर्गाऔर भगवान गणेशकी पूजा में शमी की पत्तियां चढ़ाना बहुत शुभ होता है.दशहरा पर क्यों लगाते हैं शमी का पौधा शमी के पत्ते को स्वर्ण का प्रतीक माना जाता है. आज के दिन शमी वृक्ष के पूजन और रोपण से शनि दोष समेत राहु–केतु का दोष भी खत्म होता है. वहीं इस बार तो दशहरा के दिन शनिवार का भी शुभ संयोग बना है. ऐसे में इस दिन अगर आप शमी का पौधा लगाएंगे या इसकी पूजा करेंगे तो दोगुना लाभ मिलेगा.दशहरा पर शमी पूजन का महत्व मान्यता है कि दशहरा के दिन ही कुबेर ने राजा रघु को स्वर्ण मुद्रा के साथ शमी के पत्ते को सोना बना दिया था. इसलिए शमी की तुलना स्वर्ण से की जाती है.यह भी कहा जाता है कि रावण के साथ युद्ध करने से पहले भग. वान श्रीराम ने शमी वृक्ष की ही पूजा की थी.एक मान्यता यह भी है कि अज्ञातवास के कारण पांडवों ने अपने अस्त्र–शस्त्र को शमी वृक्ष के पास ही छिपाकर रखे थे.कहां लगाएं शमी का पौधा दशहरा और शनिवार के दिन शमी का पौधा घर पर लगाना बहुत शुभ होता है. लेकिन इस बात का विशेष ध्यान रखें कि इस पौधे को भूलकर भी घर के भीतर नहीं लगाएं. वास्तु शास्त्र के अनुसार, शमी का पौधा लगाने के लिए घर पर बाहर, छत, आंगन या बालकनी को सही माना जाता है. साथ ही इस पौधे को दक्षिण दिशा में लगाना शुभ होता है. आप घर के बाहर इसे दाहिनी ओर लगा सकते हैं. दशहरे के दिन शमी वृक्ष के पूजन से संकटों से मुक्ति मिलती है, शनि संबंधित दोष दूर होते हैं, साढ़ेसाती और ढैय्या का प्रभाव कम होता है और सुख–समृद्धि में वृद्धि